मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद्

(पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन गठित पंजीकृत संस्था)

59 "सी" विंग, द्वितीय तल, नर्मदा भवन, अरेरा हिल्स भोपाल

Tel : 0755-2550091, Fax : 2550094, e-mail : jcfinance_nreg@rediffmail.com, website : www.nregs-mp.org

क्रमांक / 7186 / MGNREGS-MP / वित्त एवं लेखा / 2012 भोपाल, दिनांक 17 / 07 / 12

प्रति,

कलेक्टर / जिला कार्यक्रम समन्वयक
मुख्य कार्यपालन अधिकारी / अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक
महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी स्कीम–म.प्र.
जिला – समस्त

विषय :– वित्त एवं लेखा प्रशासन के संदर्भ में जिले के मनरेगा से संबंधित जिले के अधिकारियों को परिषद् स्तर पर आमंत्रित करने के संदर्भ में।

––00––

विषयान्तर्गत निर्देशित किया जाता है कि वित्त एवं लेखा प्रशासन के सुदृढीकरण के संबंध में परिषद् मुख्यालय पर आवश्यक जानकारियों हेतु जिले के लेखाधिकारी मनरेगा को संयुक्त आयुक्त वित्त एवं लेखा द्वारा सीधे ही उनके हस्ताक्षर से परिषद् मुख्यालय में आमंत्रित किया जा सकेगा।

वित्त एवं लेखा प्रशासन एवं ऑडिट के संबंध में मिशन मोड में और अधिक प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु संबंधित अधिकारियों को निरंतर ही परिषद् स्तर पर आमंत्रित किया जायेगा। वित्त संबंधी ऐसे प्रकरण जिसमें परियोजना अधिकारी प्रशासन या सीनियर डाटा मैनेजर का समन्वय आवश्यक है तो परियोजना अधिकारी प्रशासन, एवं सीनियर डाटा मैनेजर को भी उपरोक्तानुसार आमंत्रित किया जा सकेगा।

आमंत्रण प्राप्त होने पर मुख्यालय पर उपस्थित न होने की स्थिति को अनुशासनहीनता मानी जाकर संबंधित के विरूद्ध तत्काल कार्यवाही की जायेगी। अतः कृपया संबंधित अधिकारियों को उपरोक्तानुसार आदेश पालन हेतु निर्देश दें।

अतः संबंधित अधिकारियों को संपूर्ण गतिविधियों की जानकारी अद्यतन रखने के निर्देश दें। एवं जो जानकारियां परिषद् को उपलब्ध कराई जाये वे निश्चय ही आपसे अनुमोदन के उपरांत ही भिजवाई जाये। निर्देशों का पालन कढ़ाई से सुनिश्चित हो।

(नीरज मण्डलोई)
आयुक्त
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद् भोपाल

क्रमांक / 7187 / MGNREGS-MP / वित्त एवं लेखा / 2012 भोपाल, दिनांक 17 / 07 / 12

प्रतिलिपि :–

1. प्रमुख सचिव म.प्र. शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय वल्लभ भवन की ओर सूचनार्थ ।

आयुक्त
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद् भोपाल